दिनांकः 19.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र–एनसीआर में प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए सभी न्यायाधीशों से कहा है कि वे जहाँ भी संभव हो, वर्चुअल सुनवाई की अनुमति दें। मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ के समक्ष सर्वोच्च न्यायालय की बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल सहित कई वकीलों ने दिल्ली और एनसीआर में बिगड़ते प्रदूषण का जिक्र किया और इससे निपटने के लिए तत्काल उपाय करने की मांग की। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने सभी न्यायाधीशों को वर्चुअल सुनवाई की अनुमति देने को कहा।

............

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राज्यों से जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य संबंधी कार्य योजना तैयार करने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने मुख्य सचिवों और सलाहकारों को पत्र लिखकर वायु प्रदूषण से निपटने की रणनीति बनाने को कहा है। वायु प्रदूषण संबंधी बीमारियों की निगरानी के लिए प्रहरी अस्पतालों का नेटवर्क बढ़ाने को भी कहा गया है।

............

सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले इस महीने की 24 तारीख को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक में सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सरकार सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील करेगी। शीतकालीन सत्र इस महीने की 25 तारीख से शुरू होगा, जो 20 दिसम्बर तक चलेगा।

............

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें नमन किया जा रहा है। जैसलमेर और बाडमेर में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सवाईमाधोपुर में कांग्रेस कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ।

............

तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए आज पाली में साइकिल रैली निकाली गई। जिला प्रशासन तथा चिकित्सा विभाग की ओर से टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के तहत निकाली गई ये रैली शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। रैली के माध्यम से आमजन को नशा नहीं करने का संदेश दिया गया। रैली में भाग लेने वाले लोगों को तम्बाकु मुक्ति की शपथ भी दिलवाई गई।

............

प्रदेश के बीपीएड और एमपीएड कॉलेजों में नया शिक्षा सत्र 21 नवम्बर से शुरू होगा। नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा ने प्री–बीपीएड और प्री–एमपीएड परीक्षा–2024 में सफल हुए 2 हजार 200 अभ्यर्थियों को कॉलेजों में सीटों का आवंटन कर दिया है। संबंधित कॉलेज में प्रवेश के लिए इन अभ्यर्थियों को आज से फीस जमा करानी होगी। कल तक अभ्यर्थियों को संबद्ध महाविद्यालय में रिपोर्टिंग करनी होगी।

............

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में और कमी आने से सर्दी के असर में बढ़ोतरी हुई है। विभिन्न इलाकों में रात का तापमान 11 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार सबसे कम 7 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान सीकर में दर्ज हुआ। फतेहपुर में 7 दशमलव 5, सिरोही में 9, चूरू में 9 दशमलव 6, हनुमानगढ़ के संगरिया में 10 और राजधानी जयपुर में 13 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। इस बीच, कई स्थानों पर सुबह के समय कोहरा छाया रहा। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि कोहरे से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

............

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी का 55वां संस्करण कल से गोवा में शुरू होगा। 28 नवम्बर तक चलने महोत्सव के दौरान 81 देशों की 180 अंतर्राष्ट्रीय फिल्में दिखाई जाएंगी। महोत्सव में ए.आर. रहमान, आर. माधवन, रकुल प्रीत सिंह और पंकज कपूर सहित फिल्म उद्योग की जानी–मानी हस्तियां शामिल होंगी। इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया को फोकस देश के रूप में चुना गया है।

............

गुजरात के राजकोट में होने वाली 68वीं राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए शाहपुरा के 9 तैराकों का चयन हुआ है। ये प्रतियोगिता 24 से 30 नवम्बर तक आयोजित होगी। भीलवाड़ा तैराकी संघ के सचिव नरेश बूलिया ने ये जानकारी दी।

............